NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No. 188/NCRES/2019 दिनांक 8.7.2019

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– परित्यक्त केबिनों में कार्यरत सिगनल विभाग के कर्मचारियों के लिये ड्यूटी रूम बनाने हेतु।
संदर्भ :– एन.सी.आर.ई.एस. हेडक्वाटर पी.एन.एम. आइटम नं0 05/11/2018

महोदय,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के इलाहाबाद, झांसी और आगरा मण्डल में लगभग हर स्टेशन पर पुराने परित्यक्त केबिनों में सिगनलिंग गियर लगे है जिनका अनुरक्षण सिगनल विभाग का कर्मचारी वहां जा कर करता है। इसके अतिरिक्त इलाहाबाद सहित तमाम स्टेशन पर उन्ही परित्यक्त केबिनों में ESM/SI डियूटी रूम बने हुए है जिनकी छतों एवं दीवारों में दरार आ गयी है, प्लास्टर छत से अचानक टूट कर गिर रहा है जिससे वहां कार्यरत कर्मचारी के साथ कभी भी दुर्घटना होने की सम्भावना है।

उपरोक्त स्थिति में NCRES ने हेडक्वाटर स्तर पर PNM मद सं0 5/11/2018 में यह मुद्दा उठाया और मांग किया कि सिगनल विभाग के कर्मचारियों हेतु नये डियूटी रूम कम स्टोर रूम, शौचालय की सुविधा के साथ बनाने का कार्य कराया जाय।

यह भी अवगत कराना है कि 23 जनवरी 2019 की पी.एन.एम. बैठक में वार्ता के बाद निम्न निर्णय हुआ जो दिनांक 08.02.2019 को जारी मिनट्स में दर्ज है –

"इलाहाबाद स्टेशन के सेन्ट्रल एवं ईस्ट केबिन पर ड्यूटी हेतु पोर्टा केबिन लगा दिया जायेगा। अन्य स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार ड्यूटी रूम बनाये जायेंगे तथा एसएण्डटी विभाग इस कार्य के लिये फंड की व्यवस्था करेगा।"

खेद के साथ अवगत कराना है कि PNM बैठक के निर्णय का क्रियान्वयन नही हुआ। अतः आपसे अनुरोध है कि मद सं0 05/11/2018 पर हुये निर्णय के अनुसार पूरे नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में ESM/SI के लिये ड्यूटी हेतु शौचालय सुविधा युक्त पोर्टा केबिन लगाने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री